**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 29.09.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के सांगानेर क्षेत्र के लिए 529 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।**
- **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के समुद्री सुरक्षा ढांचे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्रों को एकीकृत करने पर ज़ोर दिया।**
- **स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत देशभर में अब तक 9 लाख से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर लगाये गये।**
- **प्रदेश में 2 से 15 अक्टूबर तक ''सहकार सदस्यता अभियान'' चलाया जाएगा।**

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों का समग्र विकास राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है। मुख्यमंत्री आज जयपुर में सांगानेर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर 529 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि सांगानेर को आज लगभग 700 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है, जिसमें यूनिटी मॉल, जयपुर मेट्रो और गोपालपुरा बाईपास पर एलिवेटेड रोड जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। अकेले बिजली के क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये के कार्य किए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों में जनोपयोगी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं।

...............

श्री शर्मा ने आज जयपुर शहर में तीन पुलिस थानों का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधों को रोकने के लिए विशेष स्क्वाड भी गठित किये गये हैं।

...............

एक अन्य कार्यक्रम में श्री शर्मा ने त्रिवेणी नगर आरओबी से लेकर गुर्जर की थड़ी तक बनने वाली एलिवेटेड रोड का भी शिलान्यास किया। 2 किलोमीटर लम्बे चार लेन के इस ऐलिवेटेड रोड पर करीब 218 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने में जुटी है और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करें और आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता और समयबद्ध निस्तारण करें, जिससे लोगों को तुरंत राहत मिल सके।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में जनता से सीधा संवाद किया और अधिकारियों को सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पहले मुरलीपुरा जोन कार्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन शिविरों से वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हो रहा है।

...............

उपमुख्यमंत्री ने इसके बाद सेवा पखवाड़ा के तहत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के किशनबाग में आयोजित निःशुल्क महिला चिकित्सा, जाँच और दवा वितरण शिविर में शिरकत की, जहाँ उन्होंने महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के समुद्री सुरक्षा ढांचे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्रों को एकीकृत करने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में 42वें भारतीय तटरक्षक बल–आईसीजी कमांडर्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि

आईसीजी को साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसे खतरों से बचाव के लिए अपने प्रशिक्षण और उपकरणों को निरंतर उन्नत और अनुकूलित करना होगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने और आपदा स्थितियों के प्रबंधन में तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

000

केन्द्र सरकार ने नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत करों में कटौती कर आम जनता को बड़ी राहत दी है। सरकार ने जीएसटी 2.0 में कैंसर और गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया है। इसके अलावा आवश्यक दवाओं और मेडिकल उपकरणों जैसे गॉज, बैंडेज, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और थर्मामीटर पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। नए कर ढांचे में सरकार ने हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रिमियम को भी पूरी तर कर मुक्त दिया है, जो पहले 18 प्रतिशत लगा करता था। इस कटौती से इंश्योरेंस प्रिमियम के दामों में कमी आ रही है जिससे और भी ज्यादा परिवार इंश्योरेंस लेने के लिए प्रोत्साहित होंगे। स्वास्थ्य सेवा में क्षेत्र में हुए जीएसटी बदलावों से मरीजों के इलाज की लागत कम हुई है जिसका सबसे ज्यादा लाभ मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लोगों को मिलेगा।

000

केन्द्रीय स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में श्री नड्डा ने बताया कि अब तक तीन करोड 60 लाख से अधिक लोगों की जाँच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर तक जांच की संख्या चार करोड़ को पार करने की संभावना है। श्री नड्डा ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, देश का स्वास्थ्य दृष्टिकोण, उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर एक समग्र मॉडल की ओर बढ़ गया है।

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने आज झुंझुनूं में विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे 'गिव अप' अभियान की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। मंत्री ने निर्देश दिए कि अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए, ताकि अधिक पात्र उपभोक्ता योजना से जुड़ सकें। श्री गोदारा ने अधिकारियों को 31 अक्टूबर तक 'गिव अप' अभियान में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके बाद अपात्र उपभोक्ताओं से वसूली की जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

000

पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि केंद्र सरकार की आरे से जीएसटी की दरों में कटौती करने से अब उपभोक्ताओं को सरस के उत्पाद भी सस्ती दरों पर मिलने लगे हैं। श्री कुमावत आज जयपुर में सचिवालय परिसर में स्थापित सरस पार्लर का उद्‌घाटन करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले टेट्रा पैक दूध और पनीर पर जीएसटी 5 प्रतिशत लगता था, अब इसे जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा घी, मक्खन, फ्लैवर्ड मिल्क पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे अब 15 किलो सरस घी का टीन जहां 600 रुपए सस्ता हो गया है। वहीं अन्य उत्पादों के दामों में भी कमी हुई है। जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि सचिवालय सरस पार्लर के खुलने से अब जयपुर डेयरी के कुल 169 पार्लर हो गये हैं।

000

प्रदेश में 2 से 15 अक्टूबर तक 'सहकार सदस्यता अभियान' चलाया जाएगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य सहकारी समितियों की सदस्य संख्या में कम से कम 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना है। अभियान की पूर्व तैयारी अवधि में ही लगभग डेढ़ लाख आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति जनाधार कार्ड के माध्यम से एसएसओ आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकता है। विभाग के प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि अभियान में युवाओं और महिलाओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पैक्स से वंचित डेढ़ हज़ार ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है, जहाँ नए पैक्स गठित किए जाएंगे। अभियान के तहत 8 हज़ार 600 से अधिक पैक्स पर शिविर लगेंगे। इसके अलावा, पीएम किसान सम्मान निधि के लंबित आवेदनों की ई–केवाईसी और आधार सीडिंग का काम भी किया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म ''चलो जीते हैं'' दर्शकों का ध्यान खींचने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रही है। अजमेर में फिल्म देखने के बाद एक महिला दर्शक हेमलता ने अपने विचार कुछ इस तरह साझा किये।

000